डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार

कार्यालय–ज्ञाप

कोविड–19 के प्रकोप के दृष्टिगत् भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा इसके बचाव तथा उपचार हेतु उत्तर प्रदेश के समस्त विभाग आपसी सामंजस्य बनाते हुए कार्यरत हैं। कोरोना महामारी से बचाव एवं स्वमूल्यांकन हेतु भारत सरकार द्वारा **"आरोग्य सेतु"** (Aarogya Setu) नाम से एक आधुनिक मोबाइल ऐप का विकास किया गया है, जो कोरोना (कोविड–19) वायरस संक्रमण के खतरे एवं जोखिम का आंकलन करने में नागरिकों की मदद करता है।

यह मोबाइल ऐप ब्लूटूथ, लोकेशन एवं मोबाइल नम्बर का उपयोग कर आस–पास माजूद कोरोना संक्रमित लोगों के बारे में एलर्ट जारी करता है। उक्त मोबाइल ऐप Android/OS दोनों तरह के मोबाइल आपरेटिंग साफ्टवेयर के लिए उपलब्ध है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह आग्रह करने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकवृन्द, अधिकारीगण, गैर–शिक्षकवृन्द, विद्यार्थीगण एवं सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से कार्यरत् कार्मिकगण स्वयं ऐप का प्रयोग करते हुए सभी प्रचार संसाधनों से व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुये अधिकाधिक संख्या में जनसामान्य द्वारा ऐप का प्रयोग कोरोना महामारी से बचाव हेतु कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्रांक : **06** /पत्रा0सं0–240/DSMNRU/का0आ0/2020–21 दिनांक **11** अप्रैल, 2020

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. कुलानुशासक/अधिष्ठाता छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय।
4. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/शिक्षकवृन्द, विश्वविद्यालय।
5. चिकित्सा अधीक्षक/परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
6. चीफ प्रोवोस्ट/अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट, महिला एवं पुरूष छात्रावास।
7. समस्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
8. समस्त कार्मिकगण, विश्वविद्यालय।
9. समस्त विद्यार्थीगण, विश्वविद्यालय।
10. समस्त सेवा प्रदाता एजेन्सी, विश्वविद्यालय।
11. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
12. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

(बृजेन्द्र सिंह)
सहयक कुलसचिव।

Scanned by CamScanner